दैनिक भास्कर 05/04/2024

कमान अधिकारी की अध्यक्षता में एएनओ व सीटीओ की हुई कॉन्फ्रेंस

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में टू हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल परमिंदर सिंह की अध्यक्षता में अम्बाला व पंचकूला के कई स्कूलों व कॉलेजों के एएनओ, सीटीओ की कांफ्रेंस का आयोजन किया गया।

इसमें 2 अधिकारी, 3 जेसीओ, 2 एनसीओ व 34 एएनओ व सीटीओ ने भाग लिया। कांफ्रेंस का उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में कार्यरत एनसीसी अधिकारियों को प्रशासनिक विषयों से संबंधित प्रशिक्षण देना था, ताकि आगामी प्रशिक्षण सत्र प्रभावी व उत्तम ढंग से चल सके। कर्नल परमिंदर सिंह ने विभिन्न समसामयिक प्रशासनिक विषयों व उनके बदलावों पर प्रकाश डाला। साथ ही अधिकारियों की समस्याओं को सुना व मौके पर समाधान किया। सुषमा पंघाल ने गर्ल कैडेट्स की सुरक्षा विषय पर कहा कि इस ज्वलंत विषय पर विशेष ध्यान दिया जाए।